# मानव मन्दिर

10/1993



27-10-93

FORM I

(See Rule 8)

| | |
|---|---|
| Place of Publication | Hoshiarpur |
| Date of Publication | 10th of every month |
| Periodicity of publication | Monthly |
| Printer's Name | Ravi Nanda |
| Nationality | Indian |
| Address | Manavta Mandir, Hoshiarpur |
| Editor's Name | Ravi Nanda |
| Nationality | Indian |
| Address | Manavta Mandir, Sutehri Road, Hoshiarpur. |
| Name and address of individuals, who own the Manav Mandir or partners or shareholders, holding more than one percent of the TOTAL | Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur. |

I, Ravi Nanda hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Dated : 10 Signature of Publisher

Printed and Published by : Ravi Nanda at Shiv Dev Rao Press, Manavta Mandir, Hoshiarpur. for the Faqir Library Charitable Trust, Hoshiarpur.

मानवता मन्दिर होशियारपुर में अगला मासिक सत्संग 26-10-93 को होगा।



Param Sant Param Dayal
Pt. Faqir Chand Ji Maharaj



**Param Sant Manav Dayal**
**Dr. I. C. Sharma Ji Maharaj**

मासिक—

# मानव मन्दिर

विश्व में मानव मात्र के सामाजिक, सांस्कृतिक
और आध्यात्मिक कल्याण और विकास की
सेवा में संलग्न मासिक पत्र।

BE MAN

मनुष्य बनो

सम्पादक :
श्री रवि नन्दा


| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 20 | रविवार 10 अक्तूबर, 1993 | संख्या 6 |


PURNADAYAL

# आत्म भण्डार

## परमसन्त दाता दयाल महर्षि
## शिव ब्रत लाल जी महाराज

उलट सामना आप में,
प्रगटी जोत अनन्त ।
साहब सेवक एक संग,
खेलें सदा वसन्त ॥
संशय वारूं न मैं डरूं,
सब दु:ख दिए निवार ।
सहज सुन्न में घर किया,
पाया नाम आधार ।
विन पावन का पन्थ है,
बिन बस्ती का देश ।
बिन देह का पुरुष है,
कहैं कबीर संदेस ॥

(कबीर साहब)

आज तक जो कहा गया है, वह सबल ब्रह्म के शासन-धिकार को दृष्टि से कहा गया है। इसी में विराट है,

इसी में हिरण्यगर्भ है, इसी में सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती का भण्डार है। आगे जो कुछ कहा जायेगा, वह शुद्ध ब्रह्म है। यह वर्णन करने में नहीं आता। इन्द्रियों और मन की इस तक गम नहीं है। यह केवल अनुभवमात्र से ही कुछ अनुभव किया जाता है, परन्तु इसके विषय में यह कहना कि वह हमारे अनुभव में आता है, निरर्थक है।

तुमने चार भण्डार की विचित्र व विलक्षण सामग्री देखी। इनसे विचित्र और क्या वस्तु हो सकती है? सबसे विचित्र तथा आश्चर्य की बात तो यह है कि ये सब भण्डार तुम्हारे तीन हाथ के इसी शरीर में ही विद्यमान हैं। जो ब्रह्माण्ड में है व ो पिण्ड में भी है। इसलिए तुमको विश्वास कर लेना चाहिए कि तुम्हारे अपने शरीर में ही सब कुछ है। बाहर कहीं कुछ खोजने की आवश्यकता नहीं। हां केवल इतनी आवश्यकता जरूर है कि तुम परिश्रम से काम करते जाओ, अपनी दबी हुई शक्तियों को उत्तेजित करो, मन को उभारो, विचार को क्रियात्मक क्षेत्र में लाओ। सब कुछ तुम्हारा हो जायेगा। तुम अपने भीतर दबे हुए खज़ाने को नहीं जानते, इसीलिए हो तुम दरिद्री और कंगाल हो। जैसे कि किसी राजा के पुत्र के घर बहुत धन पड़ा है, किन्तु यदि मूर्खता और अज्ञान के कारण वह विपत्तियों का लक्ष्य बना रहे तो दोष किसका है? वही हालत तुम्हारी है। जिसके भीतर गंगा जमुना सरस्वती लहरें मारती हों, यदि वह भी प्यासा रहे तो दोष किसका है? तुम्हारी स्थिति तो वास्तव में, इस प्रकार है, जिसके भीतर अमृतधार बह रही है और फिर भी उसको ज़िन्दगी के लाले पड़े हों। अविद्या और

अज्ञान ने, इस प्रकार तुम्हें दबोच रखा है कि तुम अपनी असलियत को भूल ही गए हो। तुमको अपने निज आत्म भण्डार का ज्ञान ही नहीं है। तुम यह भी नहीं जानते कि तुम्हारे भीतर क्या - 2 अमूल्य पदार्थ मौजूद हैं।

हमने आपको कई बार यह कहा है कि राम और कृष्ण सरीखे पवित्र व्यक्तित्व के उत्पन्न करने वाले आप ही हों। आपकी शक्ति का पारावारा नहीं, तुम्हारे बल की थाह नहीं, परन्तु शर्त यह है कि तुम इसको समझो, बूझो, जानो और इससे काम ले सको।

जिस समय संसार में अन्याय तथा दुराचार का बोलबाला हो जाता है और अधिक से अधिक लोग कष्टों से पीड़ित हो जाते हैं, तो उनके हृदय में यह विचार आता है कि उनके बीच कोई महान शक्ति जन्म ले कर, उनको इन कष्टों से शक्ति दिलाए। पहले इस विचार की लहर थोड़े ही आदमियों के मन में उत्पन्न होती है, फिर वह हमारे इर्द-गिर्द के आकाश मण्डल में फैल जाती है और दूसरे बहुत से लोगों पर प्रभाव डालती है। क्योंछि विचार की धारें जहां जहां समान विचार और अनुकूल प्रकृति पावेंगी, वह अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रह पायेंगी। यह प्राकृतिक नियम है। यदि किसी सितार में ऊपर नीचे दो परदे हों और स्वर मिलाने के बाद, यदि ऊपर के तारों को छेड़ दिया जाए, तो नीचे के तार स्वयं ही बजने लगेंगे। तुमको आश्चय होगा कि माजरा क्या है कि केवल जब एक ही परदे के तार छेड़े गए, सब के सब कैसे बजने लगे। इसका कारण यह है कि तारों में पारस्परिक सम्बन्ध अनुकूलता और समानता है,

इसलिए एक के बजने से सब बज उठते हैं। इसी प्रकार, जब किसी एक महान पुरुष में किसी विशेष भाव का विचार दृढ़ हो जाता हैं, तो वह अपने समीपवर्ती अनुकूल और समान प्रकृति वालों को प्रभावित किए बिना नहीं रह सकता। बजाया तो था ऊपर का तार बजने लगे नीचे के तार भी और तीव्र स्वर से शब्द होने लगा। इसी प्रकार, केवल एक के प्रभावित होने से, सब प्रभावित हो जाते हैं और विचार की संगठित धार दृढ़ हो कर एक ऐसे केन्द्र की ओर आकर्षित होती है, जहां इस विचार के क्रियात्मक रूप धारण करने की सामग्री पहले से ही विद्यमान थी। तुम नहीं जानते कि यह नियम किस तरह काम करता है, परन्तु यह वास्तविकता हैं। सम्भव है कि जिस प्रकार के उदार दानी की आवश्यकता किसी विशेष गोलार्ध में लोग अनुभव करते हों, परन्तु वह उसमें विद्यमान नहीं है, फिर भी यदि इस प्रकार का कोई शक्तिशाली प्राणी किसी और लोक जैसे चन्द्रलोक सूर्यलोक इत्यादि में विद्यमान है, तो हमारे विचार जाकर उसके हृदय को स्पर्श करेंगे और वह हमारे पास आने का इच्छुक होगा और हमारे इर्दगिर्द जन्म लेकर हमारी मुक्ति की सामग्री एकत्र कर देगा। यह नियम किस प्रकार अपना काम करता है, इसकी व्याख्या करने की यहां ज़रूरत नहीं हैं, परन्तु यह असलियत है कि हमारे विचार, इस महान पुरुष को हम में उत्पन्न कर देते हैं। यह केवल आवश्यकता का प्रश्न है और तुम भूलकर भी यह विचार न करो कि यह प्रकृति आवश्यकता की सामग्री उत्पन्न करने में भूल करेगी। "डिमाण्ड तथा सपलाई" का सिद्धान्त निरर्थक नहीं रहता। यह मानुषिक वृत्तियों का सदैव अध्ययन करता रहता हैं। भीष्म पितामह ने इसी कारण युधिष्ठिर से बराबर कहा था,

"हे धर्मराज ! तुम कभी दुखियों को न सताना। इनकी आह बुरी होती है।"

मोटी आह गरीब की,
हरि सों सही न जाय।

यह डिमाण्ड एन्ड सपलाई का प्रश्न हैं, नियम है। यह सृष्टि ईश्वर की है, जब और जिस समय जैसी-2 मनुष्य की आवश्यकतायें होंगी वैसा-2 काम हुआ करेगा। प्राकृतिक सिद्धान्त है कि प्रत्येक वस्तु के भण्डार हुआ करते हैं और इन्हीं भण्डारों द्वारा बांट की जाती है। जैसे सूर्य गर्मी का भण्डार है, गर्मी और सर्दी इससे ही बंटती है। चन्द्रमा शीतलता और जीवन का भण्डार है, शीतलता और जीवन चन्द्रमा के द्वारा ही प्राप्त होता है। यही दशा अग्नि और जल के भण्डारों की है। शाही खज़ाना भण्डार है रुपये पैसे का, जिससे रुपया पैसा बंटता रहता है। राजसी सेना भण्डार है शक्ति और बल का, जिससे आवश्यकता के अनुसार शक्ति बंटती रहती है। पाठशालायें, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय भण्डार हैं विद्या व कला कौशल के। इनके द्वारा विद्या बुद्धि वाले अन्य स्थानों पर भेजे जाते हैं। इसी प्रकार, यह भण्डार का सिद्धान्त प्रत्येक स्थान पर दृष्टिगोचर होता है।

तुम्हारे शरीर में भी प्रत्येक स्थान पर, इसी प्रकार के अनेकों भण्डार है। हाथ शक्ति का भण्डार है, दिमाग़ योग्यता और विचार का भण्डार है, इत्यादि-2 जब तुमको आवश्यकता होती है तुम स्वयं ही अपनी इच्छामात्र

से अपने मन की ताकत से अपनी आवश्यक सामग्री ले आते हो। यह एक गूढ़ रहस्य है, जो हल नहीं होता, परन्तु जिसके हल करने की आवश्यकता है। चित्त स्वयं मस्तिष्क की ओर आकर्षित होता है और वहां से विशेष प्रकार की शक्ति ले कर, इसको हल कर देता है। तुम्हारा यह शरीर चूंकि छोटा ब्रह्माण्ड है, इसलिए बड़े ब्रह्माण्ड के सारे भण्डार इसमें विद्यमान हैं।

बड़े ब्रह्माण्ड में सूर्य की गर्मी का और बिजली का चुम्बक समान आकर्षण का भण्डार है। इसमें प्रकाश है। इसकी उपमा हमारे नेत्रों से दी जा सकती है। हम जिसको चाहें, आँख भर देख लेने से गर्मी व उष्णता दे सकते हैं। उसमें उत्साह और साहस की भावनायें उत्तेजित कर सकते हैं, कुदृष्टि की बिजली से जिसे चाहें मार दें। आंखे लड़ा कर उसको अपनी ओर खींच लें। चन्द्र भण्डार है अमृत का, शीतलता का, मादा का, जिसमें अमृत है। इसका सम्बन्ध तुम्हारे हृदय से है और यही कारण है, जब तुम सहानुभूति करने पर आते हो, तो तुम केवल अपने विचार-मात्र से ही जीवन को संतुष्टि प्रदान करते हो और तुम्हारे विचार ही इसके साधन पैदा करते हैं। बाहरी रचना में, मंगल शक्ति का बल का भण्डार है, उस कर्त्तव्य का पालन तुम्हारे हाथ द्वारा होता है। वृहस्पति भण्डार है विद्या बुद्धि का। तुम्हारा मस्तिष्क इस शरीर में उसकी प्रधानता का दम भरता है। इसी प्रकार तुम्हारे सभी अंगों की व्यवस्था है। जो बाहर है, वही भीतर है, जो भीतर है, वही बाहर है।

जिस प्रकार, तुम आवश्यकता के अनुसार अपने चित्त की वृत्ति को चलायमान करके, अपने शरीर के भिन्न-2 भण्डारों से काम लेते हो, उसी प्रकार, जब किसी मण्डल के मनुष्य विचार शक्ति की सहायता करने से अपने में किसी विशेष अस्तित्व के पैदा करने की इच्छा करते हैं, तो यह इच्छा ब्रह्माण्ड के उस जैसे गोलार्ध में जाकर टकराती है और वहां से जो आत्मा नीचे उतर कर तुम्हारे मण्डल में उत्पन्न होती है उसमें उसी प्रकार की विशेषतायें विद्यमान होती हैं। जैसे यदि माता पिता इच्छुक हों कि उनकी सन्तान पढ़ी लिखी, विद्वान तथा योग्य हो, वह अनजाने में ही अपने शरीर की उस शक्ति के भण्डार को विचार द्वारा चलायमान करते रहेंगे, जिसका सम्बन्ध योग्यता और विद्वता से है। बार-2 एक ही विचार पर सोचने से, उसमें स्वयं वे गुण पैदा होंगे और उनके गुणों को देख कर, उनकी ओर आकर्षित हो कर उनकी सन्तान बनेगा। इसी प्रकार, यदि किसी जाति व देश के संगठित करने के विचार के मनुष्य इच्छुक हों, तो उनको विचार की दृढ़ धारणा अनभिज्ञता में वृहस्पति मण्डल को स्पर्श करती रहेगी और उनकी भावनाओं के सम्मान में वृहस्पति मण्डल की आत्मा उनमें जन्म धारण कर, उनकी मुक्ति के प्रश्न को हल कर देगी। यह एक उदाहरण है। इस उदाहरण से बड़ी आसानी से आपकी समझ में आ जाएगा कि किस प्रकार हम ब्रह्मलोक, विष्णु-लोक और सूर्यलोकों की आत्माओं को अपने मण्डल में बुला सकते हैं।

सारांश में, जो विचारवान हैं, जो अपनी आत्मा का कुछ भी परिचय रखते हैं या उसके विषय में कुछ भी जानते हैं,

वह इसी भांति सफलता के साथ अपना काम कर लेते हैं।

सरस्वती भण्डार से विद्या, लक्ष्मी भण्डार से धन, पार्वती भण्डार से हर प्रकार की सिद्धि व शक्ति प्राप्त की जा सकती है। मनुष्य जब दृढ़ता से, अटलता से, दृढ़ संकल्प शक्ति से किसी भी चीज़ की इच्छा करेगा, वह वस्तु उसे अवश्य प्राप्त होगी। इसमें तनिकमात्र भी सन्देह नहीं है, क्योंकि यह प्रकृति केवल मनुष्य के भोग के लिए ही है अपने भोग के लिए नहीं। मेज़, कुर्सी, मकान, मुल्क, माल सब प्रकृति के रूप हैं। इनकी उपस्थिति स्पष्ट सिद्ध करती है कि वह किसी और के भोग के लिए हैं, अपने लिए नहीं। वह मनुष्य और कोई नहीं तुम स्वयं ही हो। तुम पुरुष हो, तुम आत्मा हो, तुम रूह हो। सारा खेल तुम्हारे लिए ही बना है, जो तुम्हारे ही मनोविनोद के लिए ही है। यदि तुम अपनी हैसियत भूल जाओ तो दोष तुम्हारा ही होगा और किसी का नहीं। बन्धन केवल अज्ञानी के लिए है। जो अपने आपको जानता है, उसको कोई बांध नहीं सकता। जब हम इस बात को समझ गए कि कुर्सी हमारे बैठने के लिए है और इसका कोई अभिप्राय ही नहीं। तो फिर हमारा इसके साथ सम्बन्ध भी इतना ही रहेगा और कुर्सी हमको अपने साथ नहीं बांध सकेगी। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि सरस्वती से विद्या, लक्ष्मी से सम्पत्ति, पार्वती से शक्ति व स्वास्थ्य तथा विश्व भण्डार से सारी सामग्री लेते हुए, उनसे लाभ उठाते हुए इस बात का सदा ध्यान रखो कि इनका महत्व कितना है और हमारा इनसे सम्बन्ध क्या है। इतना ज्ञान तुम्हें आत्मभण्डार से मिल

जाएगा फिर तुम कृत्य कृत्य हो जाओगे। जिसको आत्मा का ज्ञान हो जाता है, वह मुक्त हो जाता है। आत्मा का ज्ञान प्राप्त करके परमात्मा से ऐसा सम्बन्ध जुड़ जाता है कि उसमें द्वैत भाव ही नहीं रहता। भक्ति का, ज्ञान को, कर्म की तथा योग की अन्तिम अवस्था यही है कि मनुष्य की आत्मा इतना विस्तृत हो जाय कि उसमें सब के लिए स्थान हो जाय। यह बात उसी समय सम्भव है, जब वह अपने सामने इस सर्वव्यापक सर्बज्ञ व पूर्ण के इष्ट को सामने रख कर, इस प्रकार सच्चाई के साथ इसका ध्यान करे कि उसके परिमित व्यक्तित्व का तुच्छ भाव जाता रहे, तब उसको एकत्ववाद का दर्जा प्राप्त होगा और वह अमर हो जायेगा। अब तो पुम बार - 2 मरते और जीते रहे हो, क्योंकि मरना और जन्मना परिमित मण्डल का काम है। परन्तु जब तुम अपरिमित हो गए, कहाँ का मरना और कहां का जन्मना ?

मन की मनसा मिट गई,
अहं गई सब छूट।
गगन मण्डल में घर किया,
काल रहा सिर कूट ॥
जा मरने से जग डरे,
मेरे मन आनन्द ।
कब मरिहों, कब पांइहों,
पूरन परमानन्द ॥

परमसन्त कबीर कहते हैं :

रोड़ा हो रहा बाट का, तज अपना अभिमान ।
लोभ मोह तृष्णा तजे, ताहि मिले निज नाम ।।
रोड़ा भया तो क्या भया, पन्थी को दु:ख दे ।
साधू ऐसा चाहिए, जैसे पेड़ी खेह ।।
खेह भई तो क्या हुआ, उड़ उड़ लागे संग ।
साधू ऐसा चाहिए, जैसा जार निपंग ।।
नीर भया तो क्या भया, जो ताता सीरा होय ।
साधू ऐसा चाहिए, जो हर ही जैसा होय ।।
हर भया तो क्या हुआ, जो कर्त्ता धरता होय ।
साधू ऐसा चाहिए, हर भज निर्मल होय ।।
निर्मल भया तो क्या भया, जो निर्मल मांगे ठौर ।
मल निर्मल से रहित है, ते साधू कोई और ।।

यह आत्मिक इष्ट है, यही आत्मिक उत्कर्ष है। गुरु तुम्हारा कल्याण करें।

---

फ़कीर लायब्रेरी चैरीटेबल ट्रस्ट सुतैहरी रोड, होशियारपुर को दिया धन आयकर अधिनियम की धारा80-के अन्तर्गत,आयकर आयुक्त के पत्र नं. *JUDL TRUST 13999 dt. 31-12-91*, साल *30-4-93-94* तक आयकर से मुक्त है।

मिट गए सब भरम मन के, दिल में उजाला हो गया

# परमसन्त परमदयाल पण्डित फ़कीरचन्द जी महाराज

मिट गए सब भरम मन के,
दिल में उजाला हो गया।
ज़िन्दगी को खेल समझा,
अनुभव का बोल बाला हो गया॥
थी ख्वाइश दिल में बता जाऊंगा,
इस भेद को।
जिसको समझने के लिए,
'फ़कीर' बावला हो गया॥
गरज़ नहीं मतलब नहीं,
बेख्वाइशी की हालत अपनी।
लोगों का जीवन बने,
यह मेरा शगुल अब हो गया॥

मैं उन भाइयों, महापुरुषों और लीडरों से, जो मानव जीवन के सुधार के इच्छुक हैं, उनको पूज्य मानता हुआ, कुछ कहना चाहता हूं। मगर कुछ कहने से पहले :-

हाथ जोड़ नवाय मस्तक,
सबसे मांगता हूं क्षमा।
जो कुछ है मौज लिख रही,
वह है मेरे जीवन का तजुरबा॥
बिन बुलाये महमान की,
नहीं होती है कोई भी इज्ज़त।
मगर इज्ज़त और मान के,
दरजे से कुदरत ने बरी कर दिया॥
दर्द दे कर दयाल बन कर,
मज़बूर करके कोई है लिख रहा।
अपने बस की कोई बात नहीं,
बस समझ लो मैं दीवाना हुआ॥

संसार के दुःखी लोग क्या चाहते हैं? धन, दौलत, इज्ज़त, मान, बढ़ाई, अमन तथा शान्ति। इसके बाद आगे बढ़ कर वे भक्ति, ज्ञान और निज स्वरूप (परमतत्त्व) के साक्षात्कार की लालसा रखते हैं। इसकी प्राप्ति के लिए वे क्या करते हैं :-

कोई कर्म उपाय पर ज़ोर देता है,
कोई करता है बन्दना।
कोई छल कपट चतुराई से,
मतलब है निकालता॥
कोई मन्दिर और मसजिद में जाकर,
करता है पूजा और बन्दगी।
कोई किसी मुरशिद के दर पर,
मस्तक जा के टिकाता है॥

कोई इमानदारी और सच्चाई के,
पहलू को अपनाता हैं ।
चलता सुराते❈मुस्तकीम पर,
और फल को उसके खाता है ॥
सारे कर्म किए हैं मैंने,
और तजुरबा अपनाया है।
सारी उम्र इस ख़ब्त में गुज़ारी,
लिख दिया जो समझ में आया है ॥

अपने जीवन के अनुभव को प्रगट करने के लिए मैंने कई पुस्तकें 'तशरीह हिदायतनामा,' 'तशरीह बारहमासा,' 'आवागमन', 'विश्व-शान्ति,' 'मनुष्य बनो,' आदि लिख डालीं और मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि मनुष्य को जो कुछ भी मिलता है, वह उसके अपने ही कर्म का फल होता है। मैं कर्म का अर्थ इच्छा, विचार तथा संकल्प से लेता हूं। इसी बात को प्राचीनकाल में ऋषियों, मुनियों तथा महापुरुषों ने समझाया है। इसी ही की पुष्टि वेद शास्त्र तथा अन्य ग्रन्थ करते हैं तथा इन के भिन्न २ साधन तथा उपाय बताए गए हैं। लेकिन मन की चंचलता के कारण मनुष्य उन पर अमल करने में कठिनाई का अनुभव करता है। यदि अमल के इच्छुक प्रयत्न भी करते हैं, तो मार्ग पेचीदा और लम्बा होने के कारण सफलता दृष्टिगोचर नहीं होती। अतः वर्तमान कलियुग में सफलता का यदि कोई सरल नुस्खा है, तो वह केवल नाम है :-

❈ सीधा रास्ता

कलि केवल एक नाम अधारा।
श्रुति स्मृति संतमत सारा ॥

नाम में तीन बातें शामिल हैं :

(1) सुमिरन
(2) ध्यान और
(3) भजन।

सुमिरन का अर्थ है याद करना, ध्यान का अर्थ है तसव्वुर (किसी का ध्यान बाँधना) और भजन कहते हैं महवियत प्राप्त करने को, लय होने को। इसके साधन के लिए जिज्ञासु का किसी पूर्ण पुरुष, या इस भेद के ज्ञाता का सत्संग करना और उस पर अमल करना आवश्यक है।

गायत्री के प्रणायाम मन्त्र में सात स्थानों का वर्णन है, जिसकी समानता सन्तों के वर्णित स्थानों से इस प्रकार की जा सकती है :-

प्राणायाम के स्थान--ओं भू, भुवः स्वः, महः, तपः जनः

सन्तों के स्थान--सहस्रदलकमल, त्रिकुटी, सुन्न, महासुन्न, तपः, सत्यम्, भंवर गुफ़ा, सतलोक

सहस्रदलकंवल :--यह रचनायें बाहर भी हैं और तुम्हारे अन्दर भी। बाहर रचना में यह सृष्टि का आधार तथा कर्त्ता धर्त्ता है। इसी प्रकार, तुम्हारे अन्दर का ज्योतिस्वरूप, जो तुम्हारा मन है, वह तुम्हारी ज़िन्दगी को बनाने वाला भी है और बिगाड़ने वाला भी है। यह स्थान दोनों भौंओं के बीच में है।

जिस प्रकार की इच्छा तुम अपने मन में धारण

करोगे, पहले उसकी याद दिल में स्थित होगी, फिर उसका रूप या ध्यान बनेगा। उसके पश्चात इच्छा का घनापन, भजन के रूप में आ कर दिल में लय हो जायेगा और उसी प्रकार के हालात पैदा हो कर, उस इच्छा की पूर्ति का प्रबन्ध कर देंगे। मगर यह ध्यान रहे कि यदि तुम्हारी इच्छा नेकी और सच्चाई पर निर्धारित है, तो उसका परिणाम सुखदायक और आनन्ददायक होगा और यदि वह इच्छा दूसरों को हानि पहुंचाने की है, तो वह भी पूरी तो हो जायेगी, मगर उसका नतीजा सुखदायक न होगा। इसलिए ही तो हृदय की शुद्धि को सन्तों ने मुख्य माना है।

त्रिकुटी :-रचना में यह स्थान बाहर भी है तथा अन्दर भी। बाहर नरदेही में मस्तिष्क में सहस्रदल से कुछ ऊपर है। इसका मालिक ओंकार है। यह तुम्हारे अन्तर में भी है। इसका आधार तुम्हारा मन है. जिसमें विवेक और समझ है। कुदरत में प्रत्येक कार्य किसी उसूल और तरीके से हो रहा है। मनुष्य को हर प्रकार का इल्म या ज्ञान, चाहे वह ज्ञान सांसारिक हो, पारमार्थिक हो या किसी और प्रकार का हो, अपने अन्तर में सुमिरन, ध्यान तथा भजन से प्राप्त हो सकता है। जिस प्रकार की वासना, भलाई व बुराई को ले कर मनुष्य अमल करेगा, वैसा ही परिणाम निकलेगा। हां, यह मनुष्य की इच्छा पर निर्भर है कि वह कैसा इल्म प्राप्त करना चाहता है।

सम्भव है कि कोई आचार्य,महन्त तथा गद्दीपति,या पुस्तकों के वाणी जाल में फंसे हुए लोग, मेरी बात को ग़लत समझें, परन्तु मैं अपने अन्तर के सच्चे अनुभव के बाद इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि मेरा अनुभव ठीक है।

जब मुझे या किसी और सत्संगी को कोई प्रबल इच्छा

होती थी, तो हम दाता दयाल जी को उसके विषय में लिख देते थे। वह जवाब देते थे कि हमारी इच्छा पूरी हो जाएगी। यदि हमारी इच्छा प्रबल होती थी, तो पूरी हो जाती थी। परन्तु यदि इच्छा प्रबल नहीं होती या हम भ्रम या दुविधा में फस जाते, तो इच्छा पूरी होने में कामयाबी नहीं होती। मैंने स्वयं भी यह अनुभव किया है कि जब कोई जबरदस्त इच्छा वाला विश्वासी मनुष्य मेरे पास आता है, तो मैं उसे ताकतवार ख्याल दे देता हूं। यदि वह उस ख्याल को विश्वास में बदल लेता है तो वह अपने लौकिक और पारलौकिक कष्टों से छुटकारा पा कर सफल हो जाता है। किसी ने कहा है :-

भावना पक्की हो मन में,
पक्का ही विश्वास हो।
क्यों न ऐसे जन की,
इस रचना में पूरी आस हो॥
आस में विश्वास,
और विश्वास विश्व की आस है।
जिस में यह विश्वास है,
वह कैसे जग में निराश हो॥

बहुत से भाई मुझे करामाती समझते हैं। मेरे पास कोई करामात नहीं है। मुझे उसूल का इल्म है। हां, जो मनुष्य भ्रम या दुविधा का शिकार हो जाता है, वह असफल रहता है। जो आशावादी हो कर, अपनी इच्छा या वासना में कमज़ोरी नहीं आने देता वह अपना काम बना लेता है।

सच्चे साधू या गुरु का काम मनुष्य को दुविधा से बचाना है। महाभारत की लड़ाई में अर्जुन दुविधा में फंस गया था। कृष्ण ने गुरु रूप धारण करके, समझा बुझा कर अर्जुन की दुविधा को दूर किया, जिससे उसके ख्याल को विश्वास मिला और वह सफल हुआ।

हमारे ऋषि मुनियों का हमें गायत्री मन्त्र की शिक्षा देने का ध्येय यह था कि हम सांसारिक जीवन में सफल हों। इस मन्त्र की तह में यह गुप्त भेद है कि "जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति से परे उस सूर्य का दर्शन करो। वह तुम्हारी बुद्धि का प्रेरक होगा" बुद्धि, ज्ञान या सार मनुष्य को संसारिक जीवन में सफल बनाती है। जिस कदर लोगों ने सांसारिक जीवन में सफलता प्राप्त की है, सब ने जाने या अनजाने, इसी सुमिरन, ध्यान और भजन के उसूल पर अमल किया है। यह दूसरी बात है कि इनको उसूल का ज्ञान था या नहीं, मगर स्वाभाविक रूप से अमली जीवन में इसी उसूल ने ही काम किया है।

अब सवाल किया जा सकता है कि दुनियावी इच्छाओं को पूरा करने के लिए समिरन और ध्यान किसका किया जाय और किस तरह किया जाय।

इस विषय में मेरा उत्तर यह है कि इस नामरूप के जगत में, नाम और रूप ही मदद कर सकते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक शिक्षा ने तो कमाल ही कर दिया है हर एक इच्छा को पूरा करने के लिए, उनमें भिन्न - 2 इष्टों का सुमिरन और ध्यान बताया गया है। विद्या की प्राप्ति के

सरस्वती, धन को प्राप्ति के लिए लक्ष्मी और शक्ति को प्राप्ति के लिए दुर्गा के रूप का ध्यान करने को बताया गया है। इस कलियुग में जीवन बहुत पेचीदा हो गया, लोगों की ज़रूरतें बहुत ही बढ़ गई हैं उनके पास ध्यान करने का न तो समय है और न ही ध्यान में उनका मन टिकता है। इसलिए सन्तों ने, फ़कीरों ने एक सरल सा नुसखा तजवीज़ किया है। वह यह है कि किसी अमली पूर्ण पुरुष के ध्यान करने से सब प्रकार की इच्छाओं व आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है।

हमारे शास्त्र सच्चे और प्राकृतिक ज्ञान से भरे हुए हैं। परन्तु लोगों को उनके पढ़ने की फ़ुरसत ही कहां है। कलियुग में हर काम जल्दी से किया जाता है। इसलिए गुरु शिष्य को काम को जल्दी पूरा करने के लिए तरीका, तजवोज़ तथा तदवीर बताता है। अतः गुरु के रूप का ध्यान और गुरु द्वारा दिया हुआ नाम ही शिष्य को सफल बनाता है, क्योंकि गुरु के ध्यान में पूर्णता मानी गई है।

मुझे शब्द नहीं मिलते जिससे कि मैं अपने भाव को ठीक तरह से प्रगट कर सकूं कि "ऐ मानव! तेरे दिल में शक्ति का भण्डार है। तू प्रकृति माता का लाडला बेटा है। प्रकृति ने आरम्भ से ही तुझमें अनन्त शक्ति भर रखी है। परन्तु तू अज्ञानी है, तू इस शक्ति से काम लेना जानता ही नहीं और अनजाने में कभी - 2 ऐसे अनुचित कार्य कर बैठता है, जो तुम्हारे लिए कष्टदायक सिद्ध होते हैं। अतः तू किसी पूर्ण पुरुष का सहारा ले और उसके सत्संग से अपनी छुपी हुई शक्ति का प्रयोग कर।"

तुम अपने कर्त्ता स्वयं आप हो, दूसरों के नहीं। सुख तथा शान्ति के जिज्ञासुओं के लिए घरेलू, राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में एक सी इच्छा और ख़्याल की बहुत ज़रूरत है। रायसाहब ज्ञानसिंह वेदों का एक मन्त्र सुनाया करते हैं, जिसका अर्थ है एक ख्याल हो कर रहना, इकट्ठे चलना इत्यादि। घरेलू जीवन में सब सदस्यों का मिल जुल कर रहना आवश्यक है। जब तक घरेलू जीवन में स्त्री, पुरुष और परिवार के सदस्यों की एक सम्मति नहीं होगी जीवन कदापि सुखदायक नहीं हो सकता। इसी प्रकार, देश की शान्ति के लिए इत्तफ़ाक, सहमति की बहुत ज़रूरत है। यदि सब व्यक्ति अपने - 2 काम को ठीक तरह से करें, तो देश आगे बढ़ सकता है। छोटे - 2 मण्डल इकट्ठें हो कर बड़ा मण्डल बना देते हैं।

सफलता का एक मात्र साधन सुमिरन, ध्यान और भजन ही है। अपनी इच्छा व वासना को याद करते रहो, यह सुमिरन है, उसका रूप बनाओ यह ध्यान है। लगातार ध्यान में उसमें लय हो जाओ, यह भजन है। सत्संगी कहेंगे कि भजन तो अनहद शब्द सुनने का नाम है। यह ठीक है, मगर उसके लिए भी प्रबल इच्छा और दिल की एकाग्रता ज़रूरी है।

याद रखो कि हर प्रकार की वासना या इच्छा एक प्रकार का सूक्ष्म मादा है या सूक्ष्म प्रकृति है। मेरी 'मनुष्य बनो' व 'उन्नति मार्ग' नाम की पुस्तकों को पढ़ो, उसमें इसका पूर्ण विवरण है। क्योंकि मादा या प्रकृति हर समय हरकत या जाति में रहती है और हरकत में से शब्द और प्रकाश का प्राकट्य (इज़हार) होता है, इसलिए यदि सौभाग्य-

वश वासना के दौरान में वृत्ति अन्तर में ठहर जाय, तो उससे जो शब्द प्रगट होगा, वह उस व्यक्ति की इच्छा या वासना की प्रकृति का होगा। उसके सुनने से सफलता बहुत ही शीघ्र मिलेगी। इसलिए ही सन्तों ने सहस्रदल कमल के भिन्न-२ भिन्न प्रकार के शब्दों का ज़िक्र किया है। जहाँ आरती होती है, आरती में घण्टा शंख आदि बजते हैं।

यह शब्द भिन्न-प्रकार की उचित और अनुचित वासनाओं के होते हैं, जो कि प्रकृति है। जिस इच्छा या वासना को लेकर, मनुष्य अपने अन्तर में ठहरेगा, वह उसी ही वासना की प्रकृति के शब्द को सुनेगा। यदि उस इच्छा में किसी की बुराई, घृणा, द्वेष, ईर्ष्या या लालच भरा है, तो नतीजा दु:खदायक होगा। इसलिए आवश्यक है कि मनुष्य अपनी इच्छाओं को किसी पूर्ण पुरुष के आदेशानुसार रखे।

साधारणतया लोग दो दो, तीन तीन घन्टे अभ्यास में बैठते हैं और शिकायत करते हैं कि उनको, वह अन्दरूनी शब्द जो पुस्तकों में बताए गए हैं, या सत्संग में जिनका हवाला दिया जाता है सुनाई नहीं देते। इसमें ऐसे लोगों की समझ का दोष है। चूंकि शब्द प्रकृति से पैदा होता है, इसलिए जब तक उसकी आन्तरिक इच्छा का ज़ोर न होगा या वासना प्रबल न होगी, मनुष्य को पुस्तकों में बताए गए शब्द सुनाई नहीं देंगे। अत: यह ज़रूरी है कि पहले मनुष्य अपनी वासना को तीव्र करे, उसे फिर अन्दरूनी शब्द जो वासना की प्रकृति से पैदा होगा, सुनाई देगा।

अब सवाल उटता है, "यदि कोई व्यक्ति इन स्थानों का अन्दरूनी अनहद शब्द न सुन सके, तो क्या उस सूरत में भी वासना का पूर्ण होना सम्भव है ?

इसका उत्तर ध्यान से सुनो। त्रिकुटी का स्थान गुरु का स्थान है, ओंकार का स्थान है और यह ओंकार तमाम रचना में व्यापक है। जब तुम सृष्टि का ध्यानपूर्वक अध्ययन करोगे, तो इसका पता लग जायेगा। यद्यपि सांप की टाँगें नहीं होतीं, मगर उसकी पसलियाँ ही ऐसी तरकीब से बनाई गई हैं कि वह भली भांति दौड़ सकता है। ऊंट का यदि कद लम्बा है, तो उसकी गर्दन भी लम्बी बनाई गई है। इस उसूल को जो रचना में काम करता है, उसे गुरु, ज्ञान या ओम कहते हैं। यह ओम, या उसूल या कानूनेकुदरत स्थूल रचना में व्यापक है। इसलिए जिस मनुष्य को किसी वासना की पूर्ति की लालसा है, उसके लिए ज़रूरी है कि वह अन्तर में एकाग्रता प्राप्त करे। इसके बाद स्वयं ओंकार या ओम मनुष्य के अन्दर समझ, विवेक तथा नई - 2 उपज देता रहेगा। प्रत्येक इच्छा के प्रभाव से, उसकी पूर्ति का सामान कुदरत में पैदा होता रहता है।

काम रुक सकता नहीं,
ऐ दिले नादां कोई।
खुदबखुद ग़ैब से,
हो जायेगा सामां कोई ॥

त्रिकुटी क्या है ? ध्याता, ध्येय और ध्यान, प्रेमी, प्रेम का आदर्श (प्रेम पात्र) और प्रेम, इच्छुक, इच्छित वस्तु

और इच्छा। यही उमूल पारमार्थिक या रुहानी जिन्दगी में भी काम करता है। रुहानी या आध्यात्मिक जीवन के लिए भी पहले त्रिकुटी में आना अनिवार्य है। यह ओंकार, ज्ञान या समझ तो गुरु का रूप है और प्रवृति और निवृति मार्ग दोनों में सहायता करता है। यही कारण है कि वेदों तथा अन्य प्राचीन ग्रन्थों में ओम की महिमा का वर्णन किया गया है। हर मन्त्र का उच्चारण करने से पहले ॐ शब्द कहा जाता है।

योग-साधन या आन्तरिक चढ़ाई के लिए साधक को शब्द और नूर (प्रकाश) दोनों की आवश्यकता है। बिना शब्द और प्रकाश के अनुभव के वग़ैर भी, मनुष्य मस्ती या आनन्द की अवस्था तक जा सकता है, मगर वहा थिरताई नहीं रहती और न ही यह इष्ट पद है। यही कारण है कि सन्तों ने कलियुग में, जीवों की कमज़ोर प्रकृति का ध्यान रखते हुए, अमली दृष्टि से शब्दयोग की तालीम दी। आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य किसी पूर्ण और मर्मज्ञ पुरुष का सत्संग करे ताकि वह सही आदेश ले सके।

साधारणतया देखने में आता है कि नामधारी लोग दुःखी दिखाई देते हैं। उनका घरेलू, साँसारिक और मानसिक जीवन दयनीय होता हैं। क्यों? ऐसा क्यों होता हैं? वास्तव में, गुरु धारण करने का अभिप्राय यह कदापि नहीं होता कि आपका दृष्टिकोण संकुचित हो जाय और आप दूसरे गुरुओं की हंसी उड़ायें। गुरु धारण करने का अभिप्राय है कि गुरुज्ञान के द्वारा मनुष्य अपने जीवन को आनन्दमय बना ले। यदि किसी को कोई पूर्ण गुरु मिल जाय और

वह गुरु की सेवा करके, उसके सत्संगों का सार समझ कर, उसको अपने जीवन में उतारे तो उसको सफलता शर्तिया है। यह भेद जो मैंने समझा है, आपको बता दिया है।

न दावा है कोई मुझे,
मैं अपना तजरुबा कहता हूँ।
दावा करने वाला नादां है,
यह मैं सत कहता हूँ॥

एक इष्ट बनाओ और उसको पूर्ण मानो। उसका कोई नाम रखो, कोई रूप बना कर उसे अपने दिल में बिठाओ और उसके ध्यान में डूबे रहने का प्रयत्न करते रहो, तुम्हारी हर प्रकार की वासनायें स्वयं पूर्ण होती रहेंगी। जैसे - 2 ध्यान या वासना में पक्कापन होता जायेगा, जीवन आनन्ददायक, सुखदायक और शान्तिमय होता जायेगा। खास - 2 स्थानों या चक्रों पर एकाग्रता प्राप्त करने से तुम जीवन में सफल होते जाओगे।

एक जिज्ञासु का प्रश्न :-क्षमा कीजिए महाराज जी! आप इस बुढ़ापे में मजदूरी करते हैं। पैंसठ या अस्सी रुपए महीने में आपका गुज़ारा कैसे चलता है? यदि आपका उसूल सच्चा है कि गुरु के ध्यान में डूबे रहने से मनुष्य की सभी वासनायें, सभी इच्छायें पूरी हो जाती हैं, तो आप तो गुरुमुख हैं गुरु के ध्यान में डूबे रहते हैं, आप धनी क्यों नहीं बन सके?

उत्तर में मैंने कहा, "आपकी निर्भयता और सच्चाई

के लिए धन्यवाद ! सुनो, अर्सा हुआ लाहौर में दाता की पुत्री चुनमुन देवी (पत्नी थी गौरीशंकर लाल अखतर का देहान्त हो गया। मैं उस समय दाता के पास ही था। मुझे सम्बोधित करके दाता ने कहा, "फ़कीर ! मैं बचपन से ही पारमार्थिक उन्नति का अभिलाषी था। पुस्तकों में अध्ययन किया था कि यदि मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से छुटकारा मिल जाय, तो वह जल्द ही निर्वाण को प्राप्त कर लेता है। मेरे मन में इस ख्याल का असर पड़ा। आज मेरी लड़की चली गई।" मेरे पास गौरीशंकर अख्तर बैठे थे जो लगभग मेरी ही उम्र के थे उन्होंने मुझे कई बार पहले भी यह कहा था। कि अगर स्त्री न हो तो परमार्थ में शीघ्र लगा जा सकता है। मुझे भी बचपन से फ़कीरी का ही ख्याल था धन और मान की इच्छा नहीं थी। आठ वर्ष की आयु में फ़कीरी के लिए घर से बाहिर निकल पड़ा था, पिता जो नौ मील से पकड़ कर वापिस लाए थे। जब दाता की शरण में पहुंचा, तो उनकी शिक्षा के संस्कार के कारण मेरा रूझान दुनिया की ओर गया। सारी ज़िन्दगी अपनी कमाई की बचत को दाता दयाल के नाम धाम में भेजता रहा। श्री नन्दूभाई ने दातादयाल की आज्ञा से मेरा भेजा हुआ सब रुपया मेरे नाम से बैंक में जमा कराया हुआ था। उस समय मुझको इस बात का ध्यान न था। उन्होंने वह सारा पैसा मेरी स्त्री को सौंप दिया और मुझे हुक्म दिया कि "बावले। अपना कमाओ और अपना खाओ।" मेरी स्त्री को आज्ञा दी कि इस रुपए में से एक पैसा भी फ़कीर को न देना। सन्त सद्गुरु रेख में मेख मारते हैं। दाता ने मेरे कर्म को बदल दिया। मैंने कभी भी धनवान बनने की इच्छा नहीं

की इसलिए धनवान बनता हो कैसे, बस निर्धन ही रहा।

याद रखो ! प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति भिन्न 2 होती है जैसा जिसका ख्याल होता है, वैसा ही उसका हाल होता है। मुझे धनवान बनने की वासना ही नहीं थी। हाँ यह मेरी कोशिश जरूर रही है कि अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मुझे किसी के आगे हाथ न फैलाने पड़ें। आज तक दाता ने मेरी लाज रखी है, और निश्चित रूप से वह आगे भी मेरी लाज रखेंगे। मेरा लड़का इन्जिनीयरिंग कालेज में पढ़ना चाहता था। चूंकि मेरे पास उसके खर्चे के लिए पैसा नहीं था मैंने उसे मना कर दिया। उसने मेरे छोटे भाई को इस विषय में लिखा, मेरे भाई ने उसकी मदद की और कर रहा है। मैं ग़रीब इसलिए हूं क्योंकि मैंने अमीर बनने की कभी इच्छा या वासना ही नहीं की। मेरी वासना तो आरम्भ से ही उस सार तत्व को जानने या सत्त पद की प्राप्ति की थी, जो पूरी हो गई।

प्रश्न :- क्या यह ग़लत है कि जैसे जिसके पहले कर्म होते हैं, वह वैसा ही बन जाता है।

उत्तर :-ग़लत नहीं ठीक है, मगर इस तरह की तालीम हानिकारक हैं :-

तदवीर इन्सां तक़दीर इन्सां,
के मताहत है दोस्तो।
मगर ऐसा कहना और समझना,
हैं जुर्म कबीर दोस्तो॥
इंसां को बना देता है,
ऐसा ख्याल मुर्दा दिल।

बूढ़ों के लिए अच्छा है,
बेशक यह ख्याल दोस्तो ।।

युवकों बच्चों और गृहस्थी जीवों के लिए यह तक़दीर की तालीम भयंकर है। उनके लिए त्याग और वैराग्य की शिक्षा की आवश्यकता नहीं है।

श्री रामचन्द्र जी ब्रह्मा के अवतार थे। संसार से वैराग्य उत्पन्न होने पर वह गुरु वशिष्ठ के पास गए और अपने विचार प्रगट किए। उनकी बातें सुनकर व्यास ने कहा :

"हे राम ! दैव दैव आलसी जीव ही पुकारा करते हैं। वशिष्ठ के शब्दों ने राम से वह काम कराया कि जब तक भारतवर्ष कायम है, उनकी याद लोगों के दिलों में जीवन फूंकती रहेगी। मित्रो ! साहस और दृढ़ता से काम लेकर संसार में आनन्द से जीवन बिताओ। सहसदल कंवल और त्रिकुटी में डेरा डाल कर संसार का काम करो। बच्चों को ऊंचे स्थानों के साधन की शिक्षा देना हानिकारक सिद्ध होगा। आजकल नौजवान लड़के लड़कियों को नाम दे दिया जाता है। इससे उनका सांसारिक जीवन किसी भी सूरत में बेहतर नहीं हो सकता। उनको तो केवल गायत्री मन्त्र, सुमिरन और ध्यान के उसूल बता देना ही काफ़ी है।

श्री हरिप्रकाश गुप्ता, जो श्री रघुनाथ सहाय के सुपुत्र हैं मैट्रिक में पढ़ते थे। उनके पिता के बार-बार अनुरोध

करने पर दाता ने उन्हें नाम दे दिया। जब वह दो दिन अभ्यास कर चुका तो दाता ने उसे अभ्यास करने से मना कर दिया और उसे शिक्षा प्राप्त करने तथा ब्याह करने को कहा और पिछली उम्र में अभ्यास करने की सलाह दी।

मेरे छोटे भाई राय साहिब सुरेन्द्रनाथ मेरी देखा देखी छोटी उम्र में ही सत्संगी हो गए। दातादयाल जी महाराज ने उन्हें नाम की महिमा बताते हुए एक कागज़ पर लिख दिया:

"For Surendra :

Life means work and work means life."

सुरेन्द्र के लिए जीवन ही काम है और काम ही जीवन है। अन्तिम अवस्था में तुम राधास्वामी दयाल की गोद में जाओगे। पुस्तकीय ज्ञान भी ठीक है, मगर वह पूर्ण गुरु के सत्संग द्वारा ही समझा जा सकता है। आजकल पुस्तकों का तूफ़ान आया हुआ है। परन्तु बिना गुरु का दामन पकड़े, केवल पुस्तकों के अध्ययन से मनुष्य गलती कर सकता है। मैंने निज अनुभव के आधार पर ही "मनुष्य बनो" की आवाज़ उठाई है। हर काम सोच समझ कर प्राकृतिक नियम के अनुसार ही करो और गुरु परायण बनो :

गुरु मता धारण करो,<br>
इस बिन नहिं कल्याण।<br>
गुरु बिन नहिं धन धाम है,<br>
शक्ति, मुक्ति सतज्ञान ॥<br>
ताते सबको चाहिए,<br>
ढूंढे कोई कामिल इन्सान।

जो गुरु आज्ञा बरतते,
वे हैं चतुर सुजान ।
जोवन के आदेश को समझ,
करो अपना कल्याण ।
एक ही लाठी में मत हांको,
कुत्ता, गधा और इन्सान ॥
वाणी पढ़ पढ़ भरम में भूले,
अरु पाया दुःख महान ।
बिन जीवित कामिल पुरुष के,
कभी न मिटता अज्ञान ॥

# आवश्यक सूचना

सभी सत्संगी जन को सूचित किया जाता है कि मन्दिर को मनीआर्डर आदि भेजते समय अपना पता तथा पिनकोड नं. साफ़-2 लिखें ताकि पढ़ने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो और मनीआर्डर आदि केवल सैक्रेटरी मानवता मन्दिर या सैक्रेटरी फ़कीर लायब्रेरी चेरिटेबल ट्रस्ट, मानवता मन्दिर सुतेहरी रोड, होशियारपुर के नाम पर भेजें किसी व्यक्तिगत नाम पर नहीं।

जनरल सेक्रेटरी

# परम सन्त हजूर मानव दयाल जी महाराज का सत्संग

गुरुर्ब्रह्मा गुरु विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:
गुरु: साक्षात् परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नम:

राधास्वामी

मेरी अपनी ही आत्मा के स्वरूप सत्संगी भाईयो और बहनो ! आज जब मैं आपके घर आया तो मेरे मन में सत्संग देने की इच्छा हुई, आपने स्वयं ही सत्संग के लिए कह दिया। सत्संग से पहले मैंने गुरु को नमस्कार किया। ख़ासकर सन्तमत में गुरु शब्द की बहुत महिमा है। गू का मतलब अन्धेरा है और रु का मतलब है मिटाने वाला अर्थात् जो हमारे मन के अज्ञान के अन्धेरे को मिटाता है उसे गुरु कहते हैं। अब यह अज्ञान क्या है ? अज्ञान है कि हम अपने असली स्वरूप को, असली को भूल गए। यह भूल गए कि हम कौन हैं ? गुरु का अर्थ परमतत्व, सर्वाधार मालिक है। इसी परमतत्व की एक बूंद से सारा विश्व कोटि - 2 ब्रह्माण्ड, पृथ्वी और मंडल, आकाश गंगाएं करोड़ों सूर्य आदि निकले हैं। हम जिस आकाश गंगा में रहते हैं, उसमें अरबों सूरज हैं, हमारा तो एक सूरज हैं जिसके चारों तरफ पृथ्वी

चक्कर लगा रही है और दूसरे गृह भी चक्कर लगा रहे हैं। अब आप सोचिए कि अरबों सूरज, पृथ्वियां आदि आदि। जिस मालिक की एक बूंद से इतना अनन्त प्रसार है, तो वह कितना महान तथा अनन्त होगा। उसका कोई पारावार नहीं है। तो गुरु का मतलब है सबसे ऊंचा, सबसे बड़ी हस्ती। अब उस मालिक को किसी ने ईश्वर कह दिया, किसी ने अल्लाह कह दिया, किसी ने गौड कह दिया और किसी ने कर्तापुरुष कह दिया, मैं यह नहीं कहता कि यह नाम गलत है। ये नाम भी सही हैं यदि हम इन नामों का अर्थ समझें। सिक्ख धर्म में हैं एक ओंकार सतगुरु प्रसाद कर्तापुरुष निर्भय निरभौ निरअहंकार। अब लोग इसको पढ़ जाते हैं, मगर इसका अर्थ समझते नहीं हैं, यदि इसको समझ जायें, तो उनका सारा जीवन ही बदल जाए। मगर लोग मनुष्य का चोला पाकर भी दुःखी हैं। क्योंकि वह स्वयं अपने ख्यालों के जाल बुनते हैं और उनमें स्वयं फंसते चले जाते हैं। अगर यह ज्ञान हो जाए कि मैं कौन हूं? मैं कहां से आया हूं? तो बाहरी गुरु की जरूरत नहीं रहती। शायद गुरु गोविन्द सिंह जी ने कहा है :

मैं हूं परम पुरुष को दासा,
देखन आयो जगत् तमाशा।

आए तो हम परमधाम से हैं, और वापिस भी वहीं जाना है, अगर यह ज्ञान आदमी को हो जाए, तब वह गुरु को समझ सकता है और उसे शान्ति मिल जाए। बाकी जो लोग भजन कीर्तन करते हैं, उससे कुछ देर तो आनन्द आ सकता है, मगर मालिक को पा नहीं सकता। अब नाम दे दिया लेकिन उन नामों का अर्थ नहीं समझा। अब

एक ओंकार को ले लो। एक है और उस एक से अनेक नाम बन गए अर्थात् एक से अनेक ब्रह्माण्ड बन गए। 'सतगुरु प्रसाद' एक ओंकार भी उस परम गुरु का प्रसाद है, यह प्रसाद गुरु से मिला है। मालिक की एक बूंद से यह सारा ब्रह्माण्ड बना है। लेकिन यह बूंद हमारे अन्दर भी है। हमारे अन्दर भी वही तत्व है, जहाँ से हम आए हैं। लेकिन हमें उसका ज्ञान नहीं है। वह तत्व अज्ञान के पर्दे से ढका हुआ है अर्थात् शरीर, मन, बुद्धि से ढका हुआ है, क्योंकि हमारे अनेक जन्म हुए हैं। आज धर्म के बारे में यदि कोई चीज़ साईंस ने मानी है, वो है पुनर्जन्म। विशेषकर पश्चिम के अन्दर इसकी बहुत खोज हो रही है। हमारे यहां तो पुनर्जन्म को मानते हैं। कभी कभी वही आत्मायें आकर मिल जाती हैं। कभी बाप के रूप में, कभी बेटे के रूप में, कभी बहन भाई के रूप में। यदि पुनर्जन्म समझ में आ जाये, तो घर में शान्ति रह सकती है।

अमेरिका में एक बड़ा ऋषि हुआ है, जिसका नाम एडगर केसी था। वह अपने मामा के पास रहता था। जब एडगर केसी सीधा सो जाता था, तो उसके दोनों हाथ जुड़ जाते थे और उसे आकाश की बातें पता चलने लगती थी। सब लोग बड़े हैरान थे। उसके घर के पास डा. कैचन रहते थे। उन्होंने एडगर केसी का इस्तेमाल किया। एक बार एक पाँच साल की बच्ची, जो बेहोश हो जाती थी, डाक्टर के पास आई। जब डा. कैचन की समझ में रोग नहीं आया, तो उसने एडगर केसी को सीधा लिटाकर सुला दिया और पूछा कि फलां लड़की का रोग क्या है? एडगर केसी ने कहा कि लड़की मेरे सामने है। मैं अन्दर

से उसके शरीर को देख रहा हूं। उसकी रीढ़ की हड्डी में फलाने स्थान पर गिरने से चोट लगी है। चोट के स्थान पर फलाने तेल की मालिश करो ठीक हो जायेगी। डा. कंचन ने लड़की की मां से गिरने की बाबत पूछा तो उसने कहा कि हाँ, यह लड़की गिरी थी। तेल मलने से लड़को ठीक हो गई। उसने हज़ारों लोगों की बीमारी बताई। एडगर केसी पढ़ा लिखा नहीं था। 1910 में अखबारों में उसके लेख निकले। एक हस्पताल खोला गया, जिसमें लाईलाज बीमारियों का इलाज किया जाता था। एक लैमर नाम का व्यक्ति था, जिसे ब्लड प्रैशर की बिमारी थी। उसने कैसी को घर बुलाया और अपनी बीमारी के बारे में पूछा। एडगर केसी ने कहा कि तुम्हारी यह बीमारी शारीरिक नहीं है। तुम्हारी इस जन्म की पत्नी पिछले जन्म में भी तुम्हारी पत्नी थी, जो तुम से नफ़रत करती थी, अब तुम अपने अचेतन मन में उससे नफ़रत करते हो, इसलिए तुम बिमार हो। तुम उससे नफ़रत करना छोड़ दो, प्यार करो, तुम्हारी बीमारी दूर हो जाएगी। जब एडगर केसी उठा, तो उसने कर्म सिद्धान्त को पढ़ा। उसकी हर बात रिकार्ड की जातो थी और लिखी जाती थी। उसने देखा कि कर्म और पुनर्जन्म जैसे शब्दों का उसने प्रयोग किया है। वह इसाई था, इसलिए घबरा गया। उसने सोचा कि बाइबिल में कहीं भो नहीं लिखा है कि पुर्नजन्म नहीं है, बल्कि उसने कई ऐसे पैसिज निकाले, जिससे सिद्ध हो गया कि पुनर्जन्म है। उसने पुनर्जन्म पर कई किताबें लिखीं। दुनिया में सब जगह उसकी किताबों का प्रचार है। मैंने भी उस पर एक किताब लिखी है। मैंने अपनी किताब में बताया है कि हमारे धर्म में और

हमारे विज्ञान में उसका आधार क्या है ? मैं आपको बता रहा था कि पुनर्जन्म एक ऐसी चीज़ है, जिसको कोई धर्म, कोई साइंस इन्कार नहीं कर सकती। सन्तमत भी पुनर्जन्म को और कर्म सिद्धान्त को मानता है।

कर्म प्रधान विश्व कर राखा।
जो जस कीन्ह सो तिस फल चाखा।।

यदि मनुष्य इतना समझ जाए कि हमारे पिछले जन्मों के कर्मों के कारण ही हमें दुःख मिला है, तो वह दुःखी नहीं होगा। गुरु इस अज्ञान के अन्धकार को हटा करके वह ज्ञान दे देता है, जिससे पता चल जाता है कि मैं परमतत्व के पास से हो आया हूं और वापस भी मुझे वहीं जाना है। शरीर, मन, बुद्धि क्या है ? अरे यह तो कपड़े हैं। इस ज्ञान के आ जाने से जीवन सुखी हो जाता है।

गुरु ब्रह्मा :-

गुरु ब्रह्मा है। सृजन करने वाला है। वह आपका नया जीवन बनाता है। आपके व्यक्तित्व को बनाता है। इसलिए गुरु को ब्रह्मा कहा गया है। गुरु विष्णु:। गुरु ने जो आपको ज्ञान दिया है, वह ज्ञान आपकी रक्षा भी करता है। इसलिए गुरु को विष्णु भी कहा गया है। गुरु देव महेश्वरा: शंकर क्या करते हैं ? शंकर आपके अज्ञान का नाश करते हैं। इसलिए सन्तमत में बाहरी गुरु का विशेष महत्व है. मगर बाहरी गुरु के असली रूप को पहचानो। उसके कपड़ों को मत देखो उसके व्यवहार को मत देखो। आप यह समझो कि मालिक ने गुरु को आपके पास भेजा है। जब आप गुरु को परमतत्व मानोगे, तो

आपके सारे काम बन जायेंगे। 'गुरुः साक्षात् परब्रह्म' ब्रह्मा विष्णु शिव से परे जो असली परब्रह्म मालिक है वह गुरु हैं। परब्रह्म दिखाई नहीं देता। वह आपको गुरु के रूप में दिखाई देता है। इसलिए गुरु की बहुत महिमा है। गुरु के कहने पर चलने से आप अपने आपको पहचान लेंगे। इस लिए गुरु के कहने के मुताबिक अभ्यास करो। अभ्यास धीरे धीरे हमारे अज्ञान को दूर करता है। अभ्यास लगातार करने की ज़रूरत है, क्योंकि कई जन्मों के कारण आप यह भूल गए कि आप परमतत्व हैं। आपके अन्दर एक ऐसी चीज़ है, जो कायम और दायम है यह कभी मरती नहीं है। इसे आत्मा कहते हैं। अब आप पूछेंगे कैसे? यदि मैं शरीर होता तो मैं छोटे से बड़ा कैसे हो गया, क्योंकि शरीर के सात साल में सैल बदल जाते हैं। फिर भी आप कहते हैं कि 'मैं यह था'। वह क्या चीज़ है, जो यह कहती है कि "मैं था'। जब आप सोते हैं, तो कई स्वप्न आते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कोई भी नहीं है, लेकिन आप स्वयं मौजूद हो। वह क्या चीज़ है, जो किसी के न होते हुए भी स्वयं मौजूद है? आप गहरा नींद में सो जाते हो, गहरी नींद में तो कुछ ज्ञान नहीं होता। लेकिन जब आप उठते हैं, तो कहते हैं कि कल रात तो मुझे बड़ी जबरदस्त नींद आई, 10 साल तक ऐसी नींद नहीं आई, तो वह कौन सी चीज़ है जो बताती है कि 10 साल तक ऐसी नींद नहीं आई? इसका मतलब है कि आपके अन्दर एक और तत्व है जो नींद से भी परे है, उसे सुरत कहते हैं। वह आपके अन्दर कायम और दायम है। बस इसी बात को पहचानने

के लिए गुरु की ज़रूरत होती है। गुरु आपको तब मिलता है, जब आपके पिछले प्रारब्ध कर्म होते हैं। गुरु आपके विश्वास को पक्का करता है। आपका यह विश्वास हो जाता है कि मैं परमतत्व से आया हूं। गुरु के साथ एक और चीज़ जुड़ी हुई है, जिसे सत्संग कहते हैं। सत्संग को बार-बार सुना जाता है। सत्संग को बार - 2 सुनने के बाद उस पर अमल किया जाता हैं। अमल करने के लिए अभ्यास। सन्तमत के अन्दर तीन चीजें हैं -- सतगुरु, सत्संग और सतनाम् या अभ्यास। क्योंकि कलियुग के अन्दर नाम के द्वारा ही परमतत्व के पास पहुंचा जा सकता है। अब नाम सभी व्यक्तियों को एक जैसा नहीं दिया जा सकता है। इसलिए गुरु आपकी प्रकृति को देखकर नाम देता है। नाम के अजपाजाप से आप अन्तर्मुखी हो जायेंगे और आपके पर्दे जो अनेक जन्मों से पड़े हुए हैं, हट जायेंगे। जब सारे पर्दे हट जायेंगे, तब आपको ज्ञान हो जायेगा। ज्ञान होने से आपका जीवन सुखी व्यतीत होगा। मगर जो आपके पिछले कर्म हैं वह तो आपको भोगने ही पड़ेंगे। लेकिन यदि कोई बड़ी मुसीबत आने वाली होती है, वह कम हो जाएगी। आपकी अन्तिम अवस्था वह हो जायेगी, जो परमतत्व की अवस्था होती है. यही जीवन मुक्त अवस्था है। जीवन मुक्त कौन है ? जीवन मुक्त वह है, जिसको किसी से नफरत नहीं है, दुख-सुख में भी दुःखी या सुखी नहीं होता। इस अवस्था में जब आदमी शरीर को छोड़ता है तो सीधा परमतत्व में विलीन हो जाता है। वैसे स्वर्ग नरक, लोक लोकान्तर आदि होते हैं। मगर जैसी आपकी भावना होती है, वैसे ही आपको दर्जे मिल जाते हैं।

इस प्रकार बाहरी गुरु से अन्तर के गुरु का ज्ञान मिलता है। सत्संग से घिसाई होती है और नाम के अजपाजाप से आपके पर्दे हटते चले जाते हैं। जब सब पर्दे हट जायेंगे, तो ऐसी अवस्था आ जाती है, जिसमें नाम जपने की जरूरत नहीं रहती।

जाप मरे अजपा मरे अनहद भी मर जाए।

इसके बाद सहज समाधि की अवस्था आ जाती है। तो यह तो बात रही नाम की, जिसे आप लेना चाहते हैं। मगर दूसरी बात यह है कि आदमी नाम न ले, जाप न करे, अगर एक चीज़ को पकड़ ले कि वह एक सच्चा मनुष्य बन जाए। अब प्रश्न है कि सच्चा मनुष्य कैसे बना जा सकता है ? मनुष्य सच्चा तब बन सकता है, जब वह अपनी नियत साफ़ रखे। नियत साफ रखने का मतलब है कि किसी को नुकसान न पहुंचाए। किसी के भी प्रति बुरे ख्यालात न रखे। यदि आप बुरे ख्याल रखेंगे, तो वह आप पर ही हावी हो जायेंगे और आपको दु:ख देंगे। घर के अन्दर शान्ति और प्रेम रखो। इससे आपका मन साफ हो जाएगा और बहुत जल्दी ही अभ्यास में आप दर्जे पार करते चले जायेंगे। पहले आपको घर की duty देनी चाहिए। जब आप अभ्यास करने बैठें, तो सच्चे दिल से प्रार्थना करें कि मेरे अवगुण दूर हो जायें, मेरा मन पवित्र हो जाए। इससे आपका घर भी सुधर जाएगा और आपका लोक और परलोक भी सुधर जायेगा। बस आज का सत्संग मैं यहीं पर समाप्त करता हूं।

सबको राधास्वामी।

# परमसन्त परमदयाल पण्डित फ़कीरचन्द जी महाराज

के सत्संग 21-9-1980
का शेष भाग

(अगस्त अंक से आगे)

मैंने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी आपको समझाने की। अगर अब तुम न समझो, न अमल करो तो फिर कसूर किसका? कसूर किसका है? जो मेरी ड्यूटी थी मैंने पूरी कर दी। मैं सोचता हूं आप लोग कहेंगे कि मैं अहंकारी हूं। अपने आपको संत सद्गुरु वक्त कहता हूं। मैं अपनी आत्मा से पूछता हूं--'बे हया'। मैं अहंकारी नहीं हूं। सत्गुरु नाम है सच्चे ज्ञान का, सच्ची समझ का। इस वक्त में जिस सच्चे ज्ञान, सच्ची समझ की ज़रूरत है मैं वह बताता हूं। तो मुझे सत्गुरु बनने से सुरख़ाब (चिड़िया) का पर नहीं लग गया। मैं करामाती नहीं हो गया। बात आपको साफ़ बता दी, यह बात कैसे नहीं, कैसे है। सब कुछ, हम जानते हैं, मगर अमल नहीं करते। पढ़ो इसी कड़ी को :--

"सत्गुरु सब कुछ दीन,
देत कछू ना रह्यो।

हम ही अभागिन नारी,
सुख तज दुःख लहयो॥

गईं पिया के महल,
पिया संग ना रची।

हृदय कष्ट रह्यो छाई,
मन तजो भाई॥

तो हम मालिक को मिलने के लिए जाते हैं। जिस आदमी के मन में हेरा फेरी है, जो कपट रखता है, चार सौ बीस करता है, वह वहां जा ही नहीं सकता। सत्संगी भावें (चाहे), सारा (सारा) दिन (पूरे) पचास-पचास साल हो गए नाम जपते हुए, उनको मिला क्या? वहां तो वह पहुंच सकता है जिसके हृदय, मन, में हेरा फेरी, धोखा, चार सौ बीस निन्दा न हो। जब तक मन निर्मल नहीं है, तुम लाख कोशिश करो (कि) तुम्हारी सुरत ऊपर चढ़े, यह मुमकिन नहीं। हम लोग क्या करते हैं। आप गृहस्थियों को देखो तो सही। नाम के सत्संगी बन गए। खून [ऊंगली में] लगाकर शहीदों में शामिल हो गए। हमारा असली जीवन क्या है? भाईयों से हमारी दुश्मनी, मज़हबों में एक दूसरे के साथ दुशमनी चलती है। तो जब तक ज़िन्दगी अमल में न आए विचार, व्यवहार में न उतरे उस वक्त तक यह काम नहीं बनता और विचार को अमल से व्यवहार में लाने का क्या इलाज ढंग है? यह है किसी बा-अमल व्यवहार कुशल-अनुभवी शख्स की सोहबत, उसका

सत्संग, उसको रेडिएशन (प्रभाव तरंग)। हर दायरे में, हर जगह देखे, दातादयाल के भी देखे, सब जगह देखों, दो दो सरकल (वृत) होते हैं। एक इनर सरकल (अन्दर का वृत्त) होता है, एक आऊटर (बाहर का) सरकल होता है। इनर सरकल में जो आदमी काम करते हैं, गुरु महाराज उन पर कंट्रोल नहीं कर सकते। क्योंकि (कारण कि) वे गुरु महाराज की शार्ट कमिंग्ज़ (त्रुटियों/ को जानते हैं। बाहर में और सरकल है। क्या कहा मैंने ? (समझे) ? मैंने सरकल नहीं रखे। मेरा सरकल अन्दर है वह (ही) बाहर है। किसी की मर्ज़ी, तुम्हारी मर्ज़ी, सत्संग में आएं, तुम्हारी मर्ज़ी, मत आयो। तुम्हारा जो करता है मेरी किताब को पढ़ो, तुम्हारा जी करता है न पढ़ो। जी करता है मन्दिर में चार पैसे दे जाओ, नहीं करता है मौज करो। मैं आया ही इसी वास्ते हूं। बाबा सावन सिंह जी से मिले, कहा करते थे कि तुसों मेरी गल्ल नहीं समझदे। कोई डण्डे मारन वाला आ जाएगा। अब मैं वह डण्डे मारने वाला हूं। बिल्कुल साफ़ कहता हूं। आगे पढ़ो :--

जहां पै खिंचाई चलौं, गिर गिर पड़ौं,
उठहुं संभाल संभाल, चरण आगे धरौं।

यह, तो मैं खुद गिरता था। मुझ पर तो दया थी सत्संगियो आप लोगों की। मैं इस मन के चक्कर से निकल नहीं सकता था। जो कुछ मेरे अन्दर पैदा होता था, मैं उसको सच मानता था। जब से मुझे तुम लोगों से पता चला कि मेरा रूप तुम्हारी मदद करता है (तो मैं समझ गया

सच्चाई को)। मेरे तो बाप को भी पता नहीं होता और न मैं किसी के अन्दर जाता हूं। तो मुझे यकीन हो गया कि जो कुछ मेरे अन्दर है वह सब फ़र्ज़ी (काल्पनिक) है, कल्पना है, माया। तो फिर अब मुझ को यह मौका मिल जाता है कि मैं मन को छोड़कर ऊपर चला जाता हूं। लेकिन गिरता मैं भी रहा हूं, अब भी गिर जाता हूं। अब भी बाअज़ (किसी) वक्त कैसे-2 ख्याल मेरे मन में आते हैं--मैं आपको बताता हूं जिनको कि मैं नहीं चाहता। मगर मैं जानता हूं कि कुछ नहीं। कुछ दिन हुए शाम को मैं अभ्यास करने लेट गया। मुख़्तलिफ़ (विभिन्न) शकलें मेरे सामने आने लगीं --कई किस्म की शकलें, अच्छी भी, बुरी भी। मैं जानता था कि यह फ़र्ज़ी हैं। मगर वह सीन मेरे सामने से जाते नहीं थे। फिर मैं जग पड़ा। आंखें खोल लीं। खोलने के बाद फिर मैं सीधा प्रकाश से शब्द की ओर चला गया। तब यह नजारे छूटे। इस वास्ते जो परमार्थ चाहते हैं जब तक त्रिकुटी से ऊपर ध्यान नहीं करेंगे, वे लाख कोशिश करें, वह इस मन के चक्कर से निकल नहीं सकेंगे। यह देखो, अभ्यास की बात बताता हूं। जो शख़्स सहस्रदल कमल में ध्यान करने वाला है, त्रिकुटी में ध्यान करने वाला है, अगर वह यह चाहे कि उसके मन के चक्कर में जितने ख्याल उठते हैं, वे उसे तंग न करें, यह नहीं हो सकता, यह ना-मुमकिन है। जो आदमी गुरु रूप का ही ध्यान करता है, राम का या कृष्ण का, या किसी किस्म के रूप का और वह यह चाहे कि उसका मन उसको तंग न करे, यह ग़लत है। मन का काबू में आना, सिवाए शब्द और प्रकाश के साधन से, बिल्कुल नामुमकिन है। यह परमार्थ की बात बताए देता हूं जो अभ्यासी होंगे (उनके लिए)। मगर यहां हर एक आदमी इतनी जल्दी पहुंच नहीं

सकता। नहीं क्यों ? मन के अन्दर दुनिया भर की ख्वाहिशात हैं। इस वास्ते मै दुनिया वालों को नाम नहीं देता। और यह मैं आज हौसले स कहना चाहता हूं कि आज दुनियां (दारों को नाम देना उनको ज़हर देना है। आप यह सोचो कि ऐसा क्यों ? जब तुम अभ्यास करोगे, जो कुछ तुम्हारे सब कान्शस माईंड (उपचेतन मन) में वासना है, यह बढ़ जाएगी, क्योंकि अभ्यास करने से, तुम्हारा अभ्यास विल पावर संकल्प शक्ति) बढ़ने से, जो कुछ तुम्हारे सब कान्शस माईंड (उपचेतन मन में है, वह बढ़ जाएगा। कामी ज्यादा हो तो ज्यादा कामी हो जाओगे। लालची हो तो ज्यादा लालची हो जाओगे। धोखेबाज़ हो तो ज्यादा धोखेबाज़ हो जाओगे। नेक हो तो ज्यादा नेक हो जाओगे। यह मैंने आज़माया है। मैं मिसाल दिया करता हूं जबलपुर वाली औरत की। वह त्रिकुटी में अभ्यास किया करती थी। उसके तीन बच्चे थे। मेरे पास आई। कहने लगी, "दाता दयाल, मेरे बच्चे मुझे बहुत तंग करते हैं। उसको कहो मेरे खाविंद को कि उनको संभाला करे। मैंने पूछा तेरी सास है, ननद है ? कोई नहीं उसने बताया। खाविंद उसका इन्स्पैक्टर था। आठ बजे सुबह जाता. नौ बजे रात को आता था। पण्डित वली राम (उस समय मेरे पास) था। मैंने उसको कहा, "मेरा इल्म कहता है कि इसके तीनों बच्चे मरेंगे। वह त्रिकुटी में अभ्यास करना चाहती थी और उन बच्चों की तकलीफ़ से बचने की ख्वाहिश उसके दिल में थी। उसकी ख्वाहिश पूरी होनी चाहिए थी (अभ्यास के फलस्वरूप)। इसलिए नौ महीने में उसके तीनों बच्चे मर गए। और मैं डर गया।

मैंने कान को हाथ लगाया। मैं उस दिन के बाद से किसी को नाम नहीं देता। दुनिया साचती नहीं है। मैं डिग्री होल्डर (प्रमाणित योग्यता सम्पन्न) हूं। एक दाता दयाल की तरफ़ से। लोगों को सोचना चाहिए कि यह बूढ़ा क्यों नहीं नाम देता। इसलिए नहीं देता कि जीव के अन्दर जिस किस्म की बुराईयां हैं तो जब वह अभ्यास करेगा तो वे बुराईयां और बढ़ जायेंगी। इस वास्ते मैंने इस बात को पर्दे में रखा क्योंकि आजकल तो जितने लोगों को नाम दिलवा दो पुन्न गिनते हैं। आप स्वयं किसी को नाम मिला है, या नहीं है दूसरे को घेर करके बकरियों को कसाई के कब्ज़े में देने की तरह ले जाते हैं। नाम दे दो, नाम दिलवा दो। मैं डर गया। फिर मैं गया, आ गया। बारह, पन्द्रह साल हो गए। वहां राय सालिगराम जी की ज़ाते पाक की प्रेम वाणी में वहां लिखा हुआ है--'जो आदमी के मन में गन्दे ख्याल आते हैं, उसको रोक नहीं सकता, या उनको रोकना नहीं चाहता, उसको अभ्यास बिल्कुल नहीं करना चाहिए, वरना उसका अज़हद (सीमा से) अधिक नुक़सान होगा'। एक पैरे में दो दफ़ा लिखा हुआ है। मैं बड़े शरेआम कहता हूं जब मेरे सामने आयेंगे गुरु लोग सारे। आजकल जो नाम दिया जाता है आम दुनिया को तो मीठा ज़हर दिया जाता है। सब से पहले जीव को काफी सत्संग करना चाहिए ताकि उसको पता लगे कि हमने अपनी वासनायें कैसी रखीं हैं। और यही बात हिन्दू शास्त्र कहते हैं कि गायत्री का मन्त्र अगर शूद्र सुन ले तो उसके कान में सिक्का भर दो। शूद्र वास्तव में वह नहीं जो समाज द्वारा नीचे माने जाने वाले लोगों के घर में पैदा हुआ। जिसका मन गन्दा है चाहे वह

ब्राह्मण है सन्त माना जाता है, वह शूद्र है। तो जिनके ये मन गन्दे हैं, यह नाम उन को खा जाएगा। हां अगर उनके मन गन्दे हैं और मन की गन्दगी दूर करने के लिए वे नाम जपते हैं तो उनको मन की गन्दगी दूर हो जाएगी। यह है राज़ (रहस्य)।

"चल सतगुरु की हाट ज्ञान बुद्धि लाइये।

मैं तो ज्ञान दिए जाता हूं दुनिया को। दुनिया उसे सुने या न सुने, मुझे तो कोई पता नहीं। मेरे ज़िम्मे तो एक ड्यूटी थी --"फ़कीर चोला छोड़ने से पहले तालीम बदल जाना।" सो मैं तालीम बदल चला मगर यह दावा नहीं करता कि जो कुछ मैं कहता हूं यही फाइनल है। हो सकता है मैंने जो कुछ समझा वह सारे का सारा ग़लत हो। हर शख्स के लिए एक ही राय नहीं है। मैंने दाता दयाल की किताब भी पढ़ के सुनाई थी मास्टर मोहन लाल को। वह कहते हैं, यह सब दरजे (दरवाजे) सब पर नहीं खुला करते ना! जैसी-2 जिसकी प्रकृति है वैसे वैसे दरजे खुलेंगे। मंज़िले मक़सूद पर सब पहुंच जायेंगे। मंज़िले मकसूद क्या है? शांति, परम सुख, बे वहलीयत (?) बेख़ौफ़ी, अभयपना (बिना किसी डर से)। यह है हमारा मंज़िले मक़सूद। बाक़ी जो कुछ है वे रास्ते हैं। संतों ने वाणी में लिख दिया --'संत जाव को बन्द गाड़ी में ले जाते हैं, ऐसा लिखा है। वह वक्त और था, यह वक्त और है। तो आज मैंने बहुत कुछ आप लोगों को कह दिया, कोई कसर बाक़ी छोड़ी नहीं।

नारायणदास डोगरा
परमदयाल सर्वहितकारी मानवता मन्दिर,
फ़कीरधाम, सरड डोगरी, वरास्ता रक्कड़, ज़िला कांगड़ा,
हिमाचलप्रदेश

# परम सन्त हजूर मानव दयाल जी महाराज

होशियारपुर
12-10-90

मेरे परमप्रिय आत्मांश लाल

राधास्वामी

परमदयाल जी सहाई।

आपका बहुत ही प्यारा पत्र प्राप्त हुआ। मैं कई दिन से उसी मस्ती में पत्र की धार के द्वारा आपसे सम्पर्क करने की इच्छा कर रहा था। यहां आने के तुरन्त बाद भी मैं आपको पत्र लिखना चाहता था किन्तु मैंने सोचा कि दशहरे के अवसर पर कुछ ही दिनों में देहली में मुलाकात होगी। मैंने यहां 21 Sep. को पहुंचा। दुपहर को जालन्धर में सत्संग देकर उसी शाम को होशियारपुर पहुंच गया। यहां पर मासिक सत्संग के लिए भीड़ लगी हुई थी। 23 को सत्संग देने के बाद भी मेरा यही निश्चय था कि 26 Sept. दुपहर का सुपरफास्ट में रवाना होकर उसी शाम देहली पहुंच जाऊंगा। सीटें भी रिजर्व हो चुकी थीं। गाड़ियां

सामान्य रूप से चल रहीं थीं। 25 Sept. प्रात:काल मौज आई कि देहली न जायें। टैलीफोन से जज साहिब को सूचित कर दिया कि रास्ते में सम्भवत या रुकावटें होंगी और सत्संगी भी नहीं पहुंच सकेंगे। इसलिए माता जी से मेरा सत्संग पढ़वा दिया जाये क्योंकि माता जी पहले से वहां मौजूद थीं। मेरे इस निर्णय को बाद में सभी ने अच्छा माना। 26 दुपहर के बाद ही रास्ते बन्द हो गए। सड़क के द्वारा जाना खतरे से खाली नहीं था। फलस्वरूप मोदी नगर में जहाँ मुझे 27 Sept. सत्संग देना था, दंगे हुए, कई मौतें हुई और करफ्यू लग गया। अच्छा ही हुआ कि मैं वहां नहीं गया। इसी मौज के वश में आप दिल्ली नहीं पहुंच सके न कोई और राजस्थान से पहुंचा। डेढ़ दो सौ सत्संगी अधिकतर दिल्ली के पहुंचे। दोनों दिन मेरा सत्संग पढ़ा गया और कुछ जज साहिब ने भी कहा। सभी सत्संगियों ने यही कहा कि मेरा न आना शुभ था। आपका वहां न जाना स्वभाविक था। अब 4 नवम्बर को रविवार के दिन सल्वान पब्लिक स्कूल में सत्संग रखा है। फिर भी आप परिस्थितियों को देखते हुए, मौज के अनुसार आइये। यदि परिस्थितियां ठीक हुई तो आप और मैं दूसरे दिन बिलारी जायेंगे किन्तु इसकी घोषणा नहीं करनी है। नवम्बर में आप अवश्य मिलेंगे और आपको परमानन्द का अनुभव होगा।

सुरत शब्द मेला भया,
मुख की हाजत नांह।
लाल ईश मेला भया,
लेख की हाजत नांह।

मौज मौज मौज। मेरी ओर से आपको, आपके परिवार को और सभी सम्बन्धित परिवारों का हार्दिक आशीर्वाद और राधास्वामी।

आपका फकीरमय
मानव

होशियारपुर
22-12-90

मेरे प्यारे लालाँश

राधास्वामी
परमदयाल जी सहाई !

